मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

प्रेस विज्ञप्ति

**जामिया में संस्कृत संभाषण कार्यशाला सम्पन्न**

नई दिल्ली, 6 मई, 2025

दिनांक 2/05/2025 को जामिया के संस्कृत विभाग और संस्कृत भारती, नई दिल्ली के संयुक्त तत्त्वावधान में 10 दिवसीय संस्कृत संभाषण कार्यशाला के समापन समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह 2.30 बजे से संगोष्ठी कक्ष में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीपप्रज्वलन एवं मंगलाचरण से हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के प्रो० धनञ्जय आचार्य उपस्थित रहे। अतिथि का स्वागत विभागाध्यक्ष महोदय द्वारा लघुपादप एवं वाक् पुष्प से किया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों के द्वारा ध्येय गीत, अनुभव वाक्य, संस्कृत गीत एवं संस्कृत संवाद आदि प्रस्तुत किए गए।

संस्कृत केवल एक भाषा नहीं है, यह भारतीय सभ्यता की आत्मा है – जो हमारी संस्कृति, परंपरा और सनातन ज्ञान को अपने भीतर समेटे हुए है। इसी विरासत से जन-जन को जोड़ने और संस्कृत को आम जनजीवन की भाषा के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से संस्कृत भारती, दिल्ली के सहयोग से संस्कृत विभाग जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने एक ऐतिहासिक पहल प्रारंभ की – 'संस्कृत सम्भाषण कार्यशाला' जो 23 अप्रैल से 3 मई 2025 तक दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। 4 मई को सामूहिक समापन समारोह दिल्ली विश्वविद्यालय में किया जाएगा। संस्कृत संभाषण का यह अभियान पूरी दिल्ली में आयोजित किया गया है जिसके अन्तर्गत दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में एक साथ 1008 संस्कृत सम्भाषण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिससे लाखों लोगों को संस्कृत से प्रत्यक्ष जुड़ने का अवसर मिल रहा है। जामिया मिल्लिया इस्लामिया अपनी भाषागत विविधता के रूप में जानी जाती है। इसके उद्घाटन समारोह में संभाषण प्रशिक्षक श्रीमान् लवीश (संगठन मन्त्री, संस्कृत भारती, दिल्ली प्रान्त),संस्कृत विभाग के अध्यक्ष डॉ० जय प्रकाश नारायण, विभाग के सभी अध्यापक एवं छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मंगलाचरण से किया गया। अतिथि एवं संभाषण में उपस्थित सभी अध्यापकों एवं छात्रों का स्वागत विभागाध्यक्ष ने किया साथ ही उन्होंने संस्कृत संभाषण का विषय प्रवर्तन किया। विभाग के सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक संभाषण कक्षा में भाग लिया। संभाषण प्रशिक्षक लवीश एवं गणेश दत्त द्विवेदी (उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम् प्रशिक्षक)ने सरल भाषा में नवाचार माध्यमों से छात्रों को संस्कृत भाषा में संवाद एवं गीत का अभ्यास कराया।

कार्यक्रम का संचालन शोधछात्र हलधर भारद्वाज एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ० धनञ्जय मणि त्रिपाठी ने किया। कल्याण-मन्त्र से सत्र की समाप्ति हुई।

**प्रो .साइमा सईद**
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी
जामिया मिल्लिया इस्लामिया


संस्कृतविभागः
संस्कृतभारती, देहली
द्वारा आयोजित
1008
संस्कृत सम्भाषण शिविर
20 घण्टे में संस्कृत बोलना सीखें
निःशुल्क
सीमित स्थान, शीघ्र पञ्जीकरण करें


संस्कृतभारती, देहली
द्वारा आयोजित
1008
संस्कृत सम्भाषण शिबिर
20 घण्टे में संस्कृत बोलना सीखें
09220915556
23 अप्रैल से 03 मई तक


संस्कृतभारती, देहली
द्वारा आयोजित
1008
संस्कृत सम्भाषण शिबिर
मम भाषा संस्कृतम् ॥
निःशुल्क
20 घण्टे में संस्कृत बोलना सीखें
सीमित स्थान, शीघ्र पञ्जीकरण करें
मिस काल करें - 09220915556


संस्कृतभारती, देहली
द्वारा आयोजित
1008
संस्कृत सम्भाषण शिबिर
निःशुल्क
20 घण्टे में संस्कृत बोलना सीखें
सीमित स्थान, शीघ्र पञ्जीकरण करें
23 अप्रैल से 03 मई तक